卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 319 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦26 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## किच्छा में नोटिस मिलने से अतिक्रमणकारियों में हड़कम्प

किच्छा(उद संवाददाता)। उच्च न्यायालय के आदेश पर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने के आदेश पर किच्छा तहसील क्षेत्र अंतर्गत लोक निर्माण विभाग राजस्व विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा दिए गए नोटिस के बाद अतिक्रमण कार्यों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में गडरिया बाग के लगभग 200 लोगों ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात कर अतिक्रमण हटाए जाने में वर्षा काल को देखते हुए समय देने की गुहार लगाई। गडरिया बाग के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में



चिन्हित अतिक्रमणकारियों का एक शिष्ट मंडल लगभग 200 लोगों को लेकर उप जिलाधिकारी कार्यालय मिलने आया तथा उपजिला अधिकारी से मांग की कि वर्षा का देखते हुए अतिक्रमण हटाए जाने के लिए ग्राम वासियों को मोहलत दी जाए। ग्राम प्रधान के पति रूप सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा गडरिया बाग हल्द्वानी रोड स्थित भूमि पर झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों को की अतिक्रमित भूमि को खाली करने का नोटिस दिया हुआ है। जिसमें (शेष पृष्ठ सात पर)

## रोडवेज परिसर में शिक्षक का शव मिलने से सनसनी

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर में स्थित रोडवेज परिसर में शुक्रवार की देर रात एक शिक्षक का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। बता दें कि ग्राम मझरा



पीरुमदारा निवासी वीरेंद्र कुमार जोकि अल्मोड़ा जनपद के सल्ट क्षेत्र स्थित मरचूला प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के पद पर तैनात थे। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात उनका शव रामनगर स्थित रोडवेज परिसर में संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ था आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की तलाशी ली तो मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड से उनकी शिनाख्त हुई। इसके बाद परिजनों ने घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी पुलिस द्वारा शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## संदिग्ध हालातों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के आवास विकास क्षेत्र में एक युवती ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका सिडकुल की औरंबाद इलैक्ट्रिकल्स कंपनी में काम करती थी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से सोमेश्वर अल्मोड़ा निवासी 21 वर्षीय कविता नगरकोटी उर्फ काजल पुत्री जगदीश सिंह यहां आवास विकास में बृहस्पति देव मंदिर के पास किराये के मकान में रह रही थी। बताया जाता है कि उसके साथ एक युवक भी रह रहा था। संदिग्ध हालातों में युवती ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। आस पास के लोगों को पता चला तो मामले की सूचना पुलिस को दी सूचना पर चौकी प्रभारी नीमा बोहरा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। फंदे से युवती को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टक के लिए भेजा है। मौके पर सुसाईड नोड भी मिला है। बताया जाता है कि मृतका सिडकुल की औरंबाद इलैक्ट्रिकल्स कंपनी में काम करती थी।

## खेत में टाइगर दिखने से मचा हड़कंप

रामनगर(उद संवाददाता)।शनिवार की सुबह रामनगर वन विभाग की कोसी रेंज के अंतर्गत ग्राम ढिकुली के समीप स्थित लदुवा क्षेत्र में एक ग्रामीण के खेत में टाइगर दिखाने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया टाइगर की खेत में मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद रामनगर वन प्रभाग की एसडीओ पूनम कैंथोला एवं कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे वन कर्मियों द्वारा इस क्षेत्र में पैदल एवं दो हाथियों की मदद से कांबिंग अभियान भी



चलाया गया। इसके बाद खेत में मौजूद टाइगर की दहाड़ के बाद एक बार फिर ग्रामीण घबरा गए। जिस पर वन कर्मियों द्वारा मौके पर हवाई फायरिंग भी की गई। इसके बाद यह टाइगर जंगल की ओर चला गया। एसडीओ पूनम कैंथोल ने बताया कि इस क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त शुरू कर दी गई है तथा कैमरा ट्रैप लगाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से भी सावधान और सतर्क रहने की अपील की है। ग्रामीणों ने भी टाइगर के आतंक से निजात दिलाने के साथ ही बताया कि कुछ लोगों द्वारा गांव में आवारा पशु छोड़े जा रहे हैं जिस कारण टाइगर आबादी की ओर रुख कर रहे हैं उन्होंने इस पर भी रोक लगाने की मांग की है।

## घर से अज्ञात चोरों ने उड़ाए कीमती आभूषण

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने महिला के घर में घुसकर कीमती सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर गौरी कुंज कुंडेश्वरी निवासी सुशीला देवी पत्नी राकेश सिंह ने बताया कि बीते 16 अगस्त को 10 बजे से 1:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं नगर पालिका सभासद भुवन शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि देहरादून में सरकार की जन विरोधी नीति का



कांग्रेस द्वारा विरोध किए जाने पर देहरादून प्रशासन द्वारा सरकार के इशारे पर देहरादून कांग्रेस अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं पर जो फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं वह पूरी तरह गलत है उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार और महंगाई के साथ ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है इसके खिलाफ जो भी सड़कों पर जाकर आवाज उठा रहा है तो सरकार उसका दमन उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दे रही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है और जनता को डराने और धमकाने पर तुली हुई है लेकिन कांग्रेस सरकार के दबाव में किसी कीमत पर नहीं आएगी यदि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश में एक बड़ा आंदोलन करने के लिए भी मजबूर होंगे।

## किशोरी से बातचीत करने पर युवक का सिर मुंडवाया

काशीपुर(उद संवाददाता)। सड़क किनारे खड़े होकर एक व्यक्ति को किशोरी से बातचीत करता देख उधर से होकर गुजर रहे कुछ युवक अचानक आग बबूला हो उठे। उन्होंने उक्त व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जबरन पकड़कर सैलून की दुकान पर ले जाकर सिर गंजा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात आरोपियों की शिनाख्त शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम गुलड़िया निवासी मोहम्मद अनस पुत्र अफसर अली ने बताया कि गत 25 अगस्त को अपराह्न लगभग 2 बजे जब वह मोहल्ला मजरा से नमाज पढ़कर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मुरादाबाद रोड पर डिजाइन सेंटर के समीप उसकी जान पहचान की 16 वर्षीय किशोरी मिल गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह किशोरी से सड़क के किनारे खड़े होकर बात कर रहा था इसी दौरान अचानक कपिल कुमार पुत्र राजवीर नामक युवक (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी को अगवा करने का प्रयास

काशीपुर। किशोरी के साथ दिनदहाड़े छेड़छाड़ करते हुए उसे बलपूर्वक साथ ले जाने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 25 अगस्त को अपराह्न 1बजे के करीब मुरादाबाद रोड पर सूद अस्पताल के समीप उसकी 16 वर्षीय भांजी वहां से होकर गुजर रही थी इसी दौरान ग्राम गुलरिया थाना आईटीआई निवासी नाजिम नामक शरारती तत्व ने किशोरी का हाथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## तो उधम सिंह नगर जिले में अब 'मातृशक्ति नहीं रही महफूज'?

■ अर्श

**महिला अपहरण के मामले में उधम सिंह नगर ने तोड़ा अपना ही पिछला रिकॉर्ड, कुमाऊं मंडल के अर्धवार्षिक आपराधिक आंकड़ों की बानगी, कुमाऊं मंडल का पिथौरागढ़ जिला महिलाओं के लिए सबसे अधिक महफूज**

रूद्रपुर। तो क्या उत्तराखंड की आर्थिक राजधानी को अपने आप में समेटने एवं संरक्षित करने वाला उधम सिंह नगर जिला ,अब मातृशक्ति के लिए पूर्णता सुरक्षित नहीं रह गया और क्या उधम सिंह नगर जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों एवं महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए फिक्रमंद होने की जरूरत है ? देवभूमि में मातृ शक्ति की सुरक्षा से संबंधित यह प्रश्न, हम चालू अगस्त के प्रथम पखवाड़े में रुद्रपुर के ट्रांसिट कैंप थाना अंतर्गत हुए दोहरे हत्याकांड; जिसमें एक महिला को उसके पति के साथ धारदार हथियार से गोद कर मौत के घाट उतार



दिया गया था, के कारण नहीं उठा रहे हैं। बल्कि यह सुलगता हुआ सवाल पुलिस के आंकड़ों अर्थात कुमाऊं मंडल के अर्धवार्षिक अपराधिक रिकॉर्ड के ग्राफ से निकलकर सामने आया है ।काबिले गौर है कि हाल ही में कुमाऊं मंडल में वर्ष 2023 के जनवरी माह से जून माह तक घटित हुए अपराधों से संबंधित एक अर्धवार्षिक रिपोर्ट के सामने आए हैं, जिसमें इस तथ्य का खुलासा हुआ है कि इस 6 माह की अवधि में अकेले उधम सिंह नगर जिले में ही महिलाओं के अपहरण के 38 मामले सामने आए हैं। बताना होगा कि वर्ष 2021 तथा वर्ष 2022 में उधम सिंह नगर जिले के अंतर्गत पूरे 1 साल की अवधि के दौरान महिला अपहरण के 37- 37 मामले रजिस्टर्ड किए गए थे ।जाहिर है कि ऊधमसिंहनगर जिले ने महिलाओं के अपहरण से संबंधित मामलों में इस साल अपना ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## उधम सिंह नगर पुलिस को आईजी ने किया सचेत



रूद्रपुर। कुमाऊं मंडल में घटित अपराधों की समीक्षा के दौरान आईजी कुमाऊँ डॉक्टर नीलेश आनंद भरणे ने उधम सिंह नगर जिले में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराध को बेहद गंभीरता से लेते हुए कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर लगाम लगाने के लिए ऊधमसिंहनगर पुलिस को सचेत किया गया है और चेतावनी भी दी गई है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर भीमताल पहुंचे पंकज पांडे

## स्वास्थ्य केंद्र सहित ग्राम पंचायत हैड़ियागॉव मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय घिघरानी का किया स्थलीय निरीक्षण

भीमताल(उद संवाददाता)। शासन के निर्देशों के क्रम में सचिव लोनिवि, औद्यौगिक विकास (खनन) आयुष एवं आयुष विभाग डा.पंकज कुमार पाण्डे ने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शुक्रवार को भीमताल का पैदल चलकर स्थलीय निरीक्षण किया। विकासखण्ड भीमताल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाडी केन्द्र, महाशीर हैचरी, प्रस्तावित पार्किंग,पोली हाऊस गलोरी गार्डन, चाफी के ग्राम पंचायत हैड़ियागॉव मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय घिघरानी के अलावा जल संस्थान एव जल निगम द्वारा नैचुरल जल सोत से चाफी को पेयजल आपूर्ति के निमार्ण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव डा. पंकज कुमार पाण्डे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी वार्डो का निरीक्षण कर मरीजो का हालचाल जानते हुए स्वास्थ्य व उपचार मे दी जाने वाली सुविधाओ की जानकारी ली व सम्बधित स्वास्थ्य अधिकारिंयो को आमजन-मानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के निर्देश दिए। आंगनबाडी केन्द्र में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात कर आंगनवाड़ी की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को बच्चों को अच्छा पोषण आहार ,शिक्षा देने के निर्देश दिए। साथ ही भीमताल मे प्रस्तावित पार्किंग को समयबद्व, गुणवत्तायुक्त एव पर्यटकों के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। पोली हाऊस गलोरी गाडन में स्थानीय लोगों को भी जोड़ने के निर्देश उद्यान अधिकारी को दिए। इसी क्रम में चाफी के ग्राम पंचायत हैड़ियागॉव मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय घिघरानी के निरीक्षण के दौरान बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ ही साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सचिव ने चाफी मे जल संस्थान एव जल निगम दारा नैचुरल जल सोत से गांव को पेयजल आपूर्ति के निमार्ण कार्यो का स्थलीय कर प्रगति की जानकारी ली। अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने सचिव को अवगत कराया की 15 सितंबर तक कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा जिसे लगभग गांव के 66 परिवार लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. संदीप तिवारी,परियोजना निदेशक अजय सिंह, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम, जल संस्थान, लोक निर्माण विभाग, उद्यान के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।





# उत्तराखण्ड में संस्कृत भाषा के विकास में समेकित प्रयास की जरूरत: सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड संस्कृत आकदमी की सामान्य समिति की 09वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए देवभाषा संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि देवभूमि उत्तराखण्ड में संस्कृत भाषा के विकास में समेकित प्रयास हों। संस्कृत अकादमी द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रयासों की भी जरूरत



बतायी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड संस्कृत भाषा के विकास में भी अग्रणी राज्य बने इसके लिए नवाचार के प्रति ध्यान देना होगा। इसके लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषाओं की जननी संस्कृत को बढ़ावा देना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। ताकि इससे हमारी प्राचीन संस्कृति के संरक्षण के साथ ही संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ सके। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर संस्कृत ग्रामों की स्थापना पर ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत , कुलपति पतंजलि योगपीठ हरिद्वार आचार्य बालकृष्ण, निदेशक प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान एवं सचिव हिन्दी एवं गढ़वाली कुमाऊँनी, जौनसारी अकादमी नई दिल्ली डॉ. जीतराम भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# आईटीडीए को मिला पहला नेशनल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी (आई.टी.डी.ए.) को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निदेशक आई.टी.डी.ए. एवं अन्य अधिकारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अपणि सरकार ई-पोर्टल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलना हम सबके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार राज्य में ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में की जा रही पहल को और गति प्रदान करने में भी सहायक होगा। उत्तराखंड की अपुणी सरकार सेवाओं का राष्ट्रीय स्तर पर डंका बज रहा है। शुक्रवार को इंदौर में हुई 26वीं नेशनल ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस में अपुणी सरकार को देश के 16 विभागों में शुमार करते हुए सिल्वर मेडल से नवाजा गया है। पहली बार सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) को नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड मिला, जिसमें ट्रॉफी, सर्टिफिकेट के साथ ही पांच लाख रुपये आईटीडीए की निदेशक नितिका खंडेलवाल ने ग्रहण किए। इंदौर में शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। इसमें देशभर से तकनीकी विभागों से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने आईटीडीए को ई-गवर्नेंस अवार्ड से नवाजा। नागरिक केंद्रित सेवाओं को अपुणी सरकार पोर्टल से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुए मुहैया कराने के लिए सिल्वर मेडल दिया गया है। आईटीडीए निदेशक नितिका खंडेलवाल ने बताया कि मंत्रालय के पास इस अवार्ड के लिए देशभर 800 आवेदन आए थे। इसके बाद तीन स्तर पर प्रस्तुतीकरण हुआ। इनमें से 16 का चयन नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड के लिए हुआ है, जिनमें आईटीडीए भी एक है। अवार्ड लेने के बाद निदेशक खंडेलवाल ने पूरी टीम को बधाई दी।



# हाईकोर्ट ने सरकार को दिया लोकायुक्त की नियुक्ति करने के लिए तीन माह का अंतिम मौका

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को लोकायुक्त की नियुक्ति करने के लिए तीन माह का अंतिम मौका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जब तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो जाती, उनके कार्यालय के कर्मचारियों को वहां से वेतन न दिया जाए। चाहे तो सरकार उनसे अन्य विभाग से कार्य लेकर उन्हें भुगतान कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए छह माह का अतिरिक्त समय देने और कर्मचारियों को उसके कार्यालय से वेतन देने की मांग की गई थी। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि लोकायुक्त के कार्यालय में 26 कर्मचारी हैं जिसमे से नौ रेरा में कार्य कर रहे हैं और उनको वहीं से वेतन दिया जाता है। 17 लोकायुक्त के कार्यालय में हैं। इसलिए इनका वेतन लोकायुक्त कर्यालय से देने के आदेश दिए जाएं।हल्द्वानी निवासी रवि शंकर जोशी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार ने अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की जबकि संस्थान के नाम पर वार्षिक 2 से 3 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। याचिका में कहा गया कि कर्नाटक और मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की ओर से भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है लेकिन उत्तराखंड में तमाम घोटाले हो रहे हैं। छोटे से छोटा हर मामला हाईकोर्ट में लाना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया कि वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसियां सरकार के अधीन है, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनीतिक नेतृत्व के हाथों में है। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में कोई भी ऐसी जांच एजेंसी नहीं है, जिसके पास यह अधिकार हो कि वह बिना शासन की पूर्वानुमति के किसी भी राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सके। स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के नाम पर प्रचारित किया जाने वाला विजिलेंस विभाग भी राज्य पुलिस का ही हिस्सा है, जिसका संपूर्ण नियंत्रण पुलिस मुख्यालय, सतर्कता विभाग या मुख्यमंत्री कार्यालय के पास ही रहता है। एक पूरी तरह से पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच व्यवस्था राज्य के नागरिकों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इसलिए रिक्त पड़े लोकायुक्त की नियुक्ति शीघ्र की जाए।

# पिता-पुत्र उफनाई नदी में बहे, तलाश जारी

पिथौरागढ़। भारी बारिश के चलते कई जनपदों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं पिथौरागढ़ के झूलाघाट में पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से पिता और पुत्र उफनाई नदी में बह गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार संतोष चंद (44) निवासी झूलाघाट अपने बेटे तनुज (6) के साथ शमशान घाट के ऊपर स्थित पहाड़ी पर बकरी चरा रहे थे। इस दौरान संतोष की पत्नी लीलावती (35) 200 मीटर की दूरी पर घास काट रही थी।अचानक पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से संतोष और उसका बेटा तनुज काली नदी में बह गए। पति और बेटे की चीख पुकार सुन लीलावती नदी किनारे पहुंची। लीलावती के नदी किनारे पहुंचने तक दोनों उफनती नदी के बाहव में बह गए। रोती-बिलखती लीलावती भी दोनों को बचाने के लिए नदी में कूदने लगी। इस दौरान नदी किनारे नहा रहे युवकों ने उसे रोक लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना झूलाघाट थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों का अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

# किसान यूनियन के प्रतिनिधिमण्डल ने सीएम को बतायी समस्यायें

## फसलों को हुई क्षति का पूरा आंकलन किया जा रहा : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन तोमर के अध्यक्ष संजीव तोमर के नेतृत्व में किसान यूनियन के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सभी हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। अतिवृष्टि से फसलों को हुई क्षति का पूरा आंकलन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार को भी अतिवृष्टि से हुए नुकसान के लिए पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। राज्य में मिलेट मिशन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। जैविक खेती को भी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, सचिव श्री विजय कुमार यादव, श्री दीपेन्द्र चौधरी, किसान यूनियन प्रतिनिधिमण्डल से श्री पवन त्यागी, श्री अजब सिंह, श्री संदीप चौहान, श्री विकेश वालियान, श्री तालिब हसन एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार की नीतियों पर कार्य करें : पांडे

भीमताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सचिव लोनिवि, औद्यौगिक विकास (खनन) आयुष एवं आयुष विभाग डा0 पंकज कुमार पाण्डे ने विकास भवन भीमताल में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा वाहय सहायतित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक में डा. पाण्डे ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनायें जनहित के लिए संचालित की जा रही हैं उन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिले इसके लिए मानिटरिंग भी जरूरी है। उन्होंने कहा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए बनाई गई विभिन्न दीर्घकालिक योजनाएं/कार्यक्रम/नीतियां को शामिल करना होगा। समीक्षा बैठक में सभी विभागाध्यक्षों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। श्री पाण्डे समीक्षा के दौरान सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से रूबरू हुये तथा उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो उन्हें अवगत करायें ताकि उन समस्याओं के निराकरण हेतु शासन स्तर पर वार्ता कर समाधान किया जा सके। जलजीवन मिशन की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी जलजीवन मिशन/अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना के द्वारा बताया गया कि जलजीवन मिशन के कार्य 70 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिए गये है दिसम्बर 2024 तक सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएगें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान सचिव डा0 पाण्डे ने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों की फसल के नुकसान को रोकने हेतु बायो फैंसिंग लगाया जाए।लघु सिंचाई की समीक्षा के दौरान सचिव ने कहा कि जिन क्षेत्रो में सिंचाई हेतु पानी नही पहुचता है उन क्षेत्रों का अधिकारी स्थलीय निरीक्षण व सर्वे कर योजनाओं पर धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा जिन योजनाओं पर धनराशि व्यय हो रही है उन योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी भी मानिटरिंग होनी जरूरी है। इसके पश्चात सचिव डा0 पाण्डे ने कुमाऊं मण्डल के एनएच, एनएचएआई एवं बीआरओ के अधिकारियों से समीक्षा की। उन्होंने कहा जिन सडकों पर आवागमन अधिक होता है उन्हें प्राथमिकता के साथ सुधारीकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा सरकार द्वारा सडक हेतु जिन किसानों की भूमि का अधिगृहण किया है उन्हें शीघ्र मुआवजा दिया जाए तथा जिन किसानों की मुआवजा धनराशि में व्यवधान हो रहा है उन मामलों में किसानों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी ने बताया कि जनपद में केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम छोर के व्यक्ति तक पहुचे इसके लिए समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण एवं मानिटरिंग भी की जाती है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी फिंचा राम चौहान, अर्थसंख्याधिकारी डा0 एमएस नेगी, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना,समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिडियाल,जीएम उद्योग सुनील कुमार पंत, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार,अधिशासी अभियंता यूपीसीएल एसके सहगल, पेयजल सत्या सिंह, पीडी संजय सिंह, अपर अर्थसंख्याधिकारी कमल मेहरा के साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# कच्ची शराब के जखीरे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब के जखीरे के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल संतोष रावत के साथ चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाग वाला इण्टर कॉलेज से आगे एक व्यक्ति पेड़ों की आड़ में कट्टा लिए बैठा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब वह भागने लगा तो शक होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विष्णु वाला पुत्र मोती लाल बाला निवासी शिवपुर जाफरपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 204 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर नशा तस्कर विष्णु वाला के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# अतिरिक्त पीएम आवास आवंटित किए जाने पर जताया केंद्र सरकार का आभार

नैनीताल(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2023 ;24 में 33558 अतिरिक्त आवास आवंटित किए जाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया है साथ ही ग्राम विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी मुख्य मंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उत्तराखंड के विकास के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण है। उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए 33558 अतिरिक्त आवास अतिरिक्त आवंटित किये गए हैं। जिससे यहां की ग्रामीण इलाको की निर्धन जनता लाभांवित होगी। जिसके लिए श्री भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय ग्राम विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह और मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभार व्यक्त किया है।

**आवश्यकता है**

बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एचडीएफसी बैंक के कलैक्शन हेतु जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रूद्रपुर, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर आदि के लिए युवकों की। जिसके पास स्वयं का वाहन हो।

**शैक्षिक योग्यता-:** न्यूनतम इंटरमीडिएट बायोडाटा तथा समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्र के साथ सम्पर्क करें।

Meerut Collection Center B-38 Adarsh Calony Near Balaji Mandir Rudrapur Mo.9756290004,7668534391, 8057772107

# भाजयुमो ने चलाया वोटर चेतना महाअभियान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा वोटर चेतना महा अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा में कैम्प लगाकर लगाकर नवीन मतदाताओं के फार्म भरे गये। मतदाताओं से निवेदन किया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र



मोदी की नेतृत्व में एक मजबूत सरकार देश में बनाए। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शशांक बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामू जोशी, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव नेगी, राहुल चौहान, दीपक सामंत, ललित जोशी आदि उपस्थित थे।

# एमपी इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रामनगर (उद संवाददाता)।एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, प्रबंधक विनय कुमार जिंदल, उपप्रबंधक अनिल अग्रवाल, मंत्री अमित गोयल तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वल कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव कुमार शर्मा एवं सहसंयोजक विज्ञान शिक्षिका श्रीमती नीलम सुंदरियाल थे।विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक की छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वर्किंग मॉडलों की सहायता से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं से अतिथियों तथा अभिभावकों को अवगत कराया। प्रदर्शन में मेवालाल, चेतन स्वरूप, प्रभाकर पाण्डे, गौरव शर्मा,शिवेंद्र चंद, हेम चन्द्र पाण्डे, चारु तिवारी,श्याम मेहरा, प्रेमा नेगी, अंकना शाह, रवि मेहरा,नेहा गुप्ता, के0 सी0 त्रिपाठी, ममता तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट मॉडलों को पुरस्कार प्रदान किया गया।



# घर के आगे खड़ी बाईक हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में वाहन चोरी की घटनायें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। अज्ञात वाहन चोर ने घर के आगे खड़ी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अमर पुत्र मुंशीराम निवासी आदर्श इंद्रा कॉलोनी वार्ड 35 ने कहा है कि 19 अगस्त को दोपहर उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एडी 7306 को अपने घर के दरवाजे के सामने लोक करके खड़ी की थी। शाम जब बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साइकिल अपनी जगह नहीं खड़ी थी। आस पास पूछने पर भी मोटर साइकिल की कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति के लिए चयनित हुए छात्र

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजन के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 के जनपदीय प्रतियोगिता में शक्ति शिशु प्राथमिक विद्यालय, शक्तिफार्म, वि०ख० सितारगंज जनपद के बालिका वर्ग



में 10 से 11 वर्ष आयु वर्ग में हिमांशी हालदार पुत्री मुकुल हालदार ने जनपद में 12 वॉ स्थान एवं बालक वर्ग में 9 से 10 वर्ष आयु वर्ग में विक्रम मण्डल पुत्र रंजीत मण्डल ने जनपद में 25 वॉ स्थान प्राप्त करके छात्रवृति हेतु चयनित हुये ।

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना में छात्रा का चयन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज की 11वीं की छात्रा महिमा का मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना में चायन हुआ है। शिक्षक डॉ प्रशांत विश्वास ने बताया कि छात्र महिमा को 1 वर्ष तक प्रतिमाह1500 छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होंगे। छात्रा महिमा के चयन पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई। बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। अभिभावक ने प्रधानाध्यापक के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य तरसेम सिंह, संपूर्ण सिंह, निर्मल सिंह, डॉ प्रशांत विश्वास, नेम चंद्र मौर्य, राजेंद्र कौर, आदि शिक्षक मौजूद थे।



# जुआ खेलते दो लोग गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर जया खेलते दो लोगों को हजारों की नगदी व ताश पत्ते सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अवैध जुआ/सट्टा के विरुद्ध जनपद नैनीताल पुलिस द्वारा अभियान प्रचलित है इसी क्रम में सांय कालीन गस्त चेकिंग के दौरान बनभूलपूरा थाना क्षेत्र कांस्टेबल मुन्ना सिंह व दिलशाद अहमद क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों के साथ अवैध रूप से जुआ खेलते हुए दो लोग दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 1250 रुपए नगद तथा ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सामान कब्जे में लेकर दोनों जुआरियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# मेयर ने किया सड़क मार्गों का शिलान्यास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के वार्ड 43 कुसुमखेड़ा क्षेत्र में केशव इनक्लेव मार्ग, छडाघ्यल सुयाल कॉलोनी व वासुदेव पुरम के मुख्य मार्ग का पीसी द्वारा मार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत लागत रू.97.59 लाख का इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधानकिशोर सिंह, कृपाल सिंह, अंकुर, चन्द्र प्रकाश जोशी, ललित जोशी, राजेंद्र बिष्ट,



के मंगला बिहार मार्ग व वासुदेव पुरम के आन्तरिक मार्गों में पीसी द्वारा मार्ग निर्माण का कार्य स्वीकृत लागत रू. 93.32 लाख साथ ही अम्बिका बिहार शिलान्यास महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने वार्ड पार्षद पंकज चुफाल एवं नामित पार्षद सुश्री राधिका जोशी के साथ संयुक्त रूप से किया। प्रदीप बसेरा, मदन रावत, अजय टम्टा, श्रीमती बीना काण्डपाल, गोपाल बिष्ट, दीपक भट्ट आदि समस्त स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# केमिस्ट एसो. के लिए शांतिपूर्ण मतदान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन नगर इकाई के त्रिवर्षीय चुनाव के लिए आज एक होटल में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष जनक जोशी व व्यापारी नेता रूपेन्द्र नागर की देखरेख में मुख्य चुनाव अधिकारी चन्द्रशेखर दानी, चुनाव अधिकारी विजय राणा व राकेश राणा के साथ सहयोगी के रूप में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रेम मदान व महामंत्री संजय जैन ने भूमिका निभाई। मतदान प्रात: 10 बजे से प्रारम्भ हुआ समाचार लिखे जाने तक लगभग 50 प्रतिशत मतदान हो चुका था। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व उप सचिव पद पर तीन- तीन तथा सचिव पद पर दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हो रहा है। मतदान में कुल 713 मतदाता भाग ले रहे हैं। आज सायं 5 बजे मतदान के पश्चात मतगणना शुरू होगी जिसके बाद परिणाम घोषित किये जायेंगें। मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देख गया। इस दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता सहित अन्य कई पदाधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मनीष सलूजा से बदलकर मनीष कुमार सलूजा रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष कुमार सलूजा के नाम से जाना पहचाना जाए।

मनीष कुमार सलूजा पुत्र श्री सुरजीत लाल सलूजा,
निवासी- मकान नंबर-ए-24,
काशीपुर रोड, अलायंस कॉलोनी,
रुद्रपुर,उधमसिंह नगर ,उत्तराखंड

**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# पुलिस ने एक्सीडेंट के दो आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हेमपुर डिपो निवासी मोती सिंह पुत्र कल्लू सिंह ने बताया कि बीते 16 अगस्त को लगभग 9:30 बजे सुबह उसका भाई दयाल सिंह काशीपुर स्थित पैगिया हॉस्पिटल से बाइक संख्या वापस यूके 19 ए/2403 पर सवार होकर घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में बंसल सीड प्लांट के पास पीछे से द्रुत गति से चली आ रही मोटरसाइकिल संख्या यूके 07डीएन/5508 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बाइक में टक्कर मार कर दयाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेहद नाजुक हालत में घायल दयाल को गिरीताल रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसी तरह एक्सीडेंट की एक अन्य घटना के बाबत मुरादाबाद रोड स्थित कैनाल कालोनी निवासी उस्मान पुत्र सुलेमान ने बताया कि बीते 19 अगस्त को सिंचाई विभाग में माली के पद पर कार्यरत उसके पिता घर से निकलकर पैदल दवाई लेने के लिए बाजार की ओर जा रहे थे इसी दौरान यूपी 21 सीयू/7558 कि चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से पीछे से सिंचाई कर्मी को जबरदस्त टक्कर मार कर मौत की नींद सुला दिया। एक्सीडेंट के दोनों ही मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# किच्छा की समस्याओं को लेकर बेहड़ ने ली बैठक

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में किच्छा के व्यापार मंडल पदाधिकारियों, लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें किच्छा शहर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे नाले के सम्बन्ध में व्यापारियों को आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु बेहड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया। व्यापारियों ने समस्यायें विधायक बेहड़ के समक्ष रखी जिनका मौके पर ही निदान कराया गया। बेहड़ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि नाले खुदाई के समय ये अवश्य ध्यान में रखा जाये की बरसात का पानी नाले में ही गिरे किसी दुकानदार को परेशानी ना हो तथा साथ ही बीच में पड़ने वाले विद्युत पोलों व ट्रांसफार्मरो को भी हटाकर दूसरे स्थान पर लगाया जाए। किच्छा शास्त्री मार्केट के व्यापारियों ने सड़क निर्माण कराए जाने हेतु विधायक बेहड़ से आग्रह किया जिस सम्बन्ध में विधायक बेहड़ ने सडक निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। विधायक बेहड़ ने लोक निर्माण के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किच्छा डीडी चौराहे से आदित्य चौक तक सडक चौड़ीकरण तथा डिवाडर निर्माण



का आंगणन पुन: बनाये जाने के लिए निर्देश दिए तथा रास्ते में पड़ने वाले विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द अन्य जगह स्थानांतरित किये जाने हेतु विधुत विभाग को निर्देशित किया। तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि उनके द्वारा किच्छा रेलवे स्टेशन से चीनी मिल तक जो अतिक्रमण हटाया गया था जिस सम्बंध में वह मुख्यमंत्री से भी मिले थे तथा उजाड़े गए लोगों को बसाये जाने का आग्रह किया था उसमे अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है जबकी हमारे सैकड़ो व्यापारियों को वहां से हटा दिया गया, सडक का चौड़ीकरण कर बीच में डिवाइडर का कार्य जल्द प्रारंभ कराए जाने को कहा साथ ही किच्छा के मलसा गिरधरपुर की तुलसीधाम रोड में मरम्मत का जो निर्माण कार्य किया जाना है उसका कार्य जल्द से जल्द एक हफ्ते के भीतर प्रारम्भ कराये जाने के लिए निर्देशित किया और वहां पर कार्यरत उद्योगों को भी जो कि अपना पानी सडक में छोड़ देते है को पानी निकासी की उचित व्यवस्था बनाने के लिए निर्देशित किया जाए उनके द्वारा नाले बनाकर पानी की निकासी की जाए ताकि पानी सड़क में आने से सड़क खराब होने की नौबत न आये। इस दौरान किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़,व्यापर मंडल महामंत्री विजय अरोरा ,व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, विधुत विभाग के अधिशासी अभियंता आशुतोष तिवारी,उपखण्ड अधिकारी दिनेश चंद गुररानी,अवर अभियंता ओम कुमार तथा लोक निर्माण विभाग से सहायक अभियंता प्रकाश लाल तथा पडियाल मौजूद रहे।




# जिला स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र मीरा बोरा ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष 2023-24 में भी हस्तशिल्प, हथकरघा, लघु उद्योग ( प्रथम पुरस्कार 6000, द्वितीय पुरस्कार 4000) में जिला स्तरीय पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए पात्रता हेतु जनपद का मूल निवासी होना आवश्यक है, कुशल शिल्पी/बुनकर/उद्यमी होना चाहिए। इसके लिए वांछित अभिलेख आधार कार्ड/शिल्पी परिचय पत्र, निर्धारित प्रारूप में आवेदन, शिल्प/उद्योग की फोटो/उत्पादित नमून, आवेदन शुल्क 50 रू0 का बैंक डाफ्ट है। उन्होंने बताया कि आवेदन 20 सितम्बर, 2023 तक शाम 5:00 बजे तक कार्यालय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, अल्मोड़ा में लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए 9456108999 पर सम्पर्क कर सकते है।

# एनडीआरएफ ने सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में नेशनल डिजास्टर रिसोर्स फोर्स एन. डी. आर. एफ. की टीम ने विद्यार्थियों को आपदा के समय सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय में एन. डी. आर.एफ. के असिस्टेंट कमांडेंट प्रवीण कुमार ओझा एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सुरक्षा ड्रिल करवाई एवं उन्हें आपदा के समय में अपनी एवं अपने साथियों की सुरक्षा के बारे में अत्यंत ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। एन.डी.आर.एफ. टीम ने कई प्रकार की आपदा परिस्थितियों में सुरक्षा हेतु उपयोग में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के बारे में भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान से सभी बातों को सीखा व समझा। तत्पश्चात टीम ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, प्रबंधक श्रीमान मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय एवं विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट ने भी विद्यार्थियों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रधानाचार्य ने 15 बी एन एन. डी. आर.एफ कमांडेंट सुदेश कुमार ड्राल को अपनी टीम को विद्यालय भेजने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।




# 201 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध व काशीपुर के निर्देशानुसार,क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष थाना गदरपुर के नेतृत्व में थाना गदरपुर पुलिस टीम नशीले पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध लगातार दूसरी बडी कार्यवाही करते हुए विगत 24 अगस्त को मसीत हाईवे से ग्राम बरेली नगर को जाने वाले रास्ते के पास चौकिंग के दौरान बरेली नगर को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को चैकिंग करता देखकर तेज भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस पार्टी द्वारा उसे त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड़ लिया जिससे भागने का कारण पूछा तो उसने अपना नाम सार्थक सन्धु पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम गोपालपुर थाना बहेडी, जिला बरेली उत्तर प्रदेश बताया,तलाशी में उसके पास से स्मैक बरामद की गई जिसे वहस देवरनिया, बहेडी जनपद बरेली से गदरपुर में बेचने के लिए लाया था । तलाशी ली तो उसकी पैंट की जेब से पारदर्शी पन्नी में रखी 201 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अभियुक्त को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए स्मैक बरामदगी के आधार पर थाना गदरपुर मे धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया।





# 17 विद्यालयों में आयोजित हुई भारत को जानो प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के अंतर्गत नगर के 17 विद्यालयों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 4500 से अभिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शाखा के संस्कार संयोजक अभि अग्रवाल ने भारत को जानो प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद के संस्कार सूत्र के अंतर्गत छात्र छात्राओं को अपने देश भारत के गौरवशाली अतीत तथा विकासशील वर्तमान के संबंध में जानकारी प्रदान करवाने के उद्देश्य से पूरे देश में भारत को जानो के नाम से समान्यज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे देश से 15 लाख से अधिक छात्र छात्राएं भाग लेते हैं। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में शाखा स्तर पर विद्यालयों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाता है, परीक्षा जूनियर कक्षा 6 से 8 तथा सीनियर कक्षा 9 से 12 दो वर्गों में आयोजित कि जाती है, लिखित परीक्षा में प्रत्येक विद्यालय से जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विधयार्थियों कि टीम अगले चरण में शाखा स्तर पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेती हैं और विजेता टीम प्रांत स्तर और जीतने पर रीजन तथा अंत में राष्ट्रीय स्तर पर आने वाली टीमों से प्रश्नमंच प्रतियोगिता से मुकाबला करती हैं। इसी के अंतर्गत आज रुद्रपुर नगर कि तीन शाखाओं मे से एक विवेकानन्द शाखा नगर के 17 विद्यालयों में आज लिखित परीक्षा का आयोजन करवा रही है जिसके लिए 4500 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवा रखा है। शाखा सचिव हरीश ग्रोवर ने बताया कि आज की लिखित परीक्षा में विवेकानन्द शाखा के माध्यम से नगर के जेसीज पब्लिक स्कूल, आर ए एन पब्लिक स्कूल, बलुमिंग डेलस मॉडर्न स्कूल, द ऑक्सफोर्ड अकेडमी, फिफ्थ सेंटेनरी स्कूल, भंजु राम अमर विद्यालय, अमर इंटरनेशनल, विज्डम पब्लिक स्कूल, किड्स कैरियर, कृष्णा इन्टर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, रेडिएंट पब्लिक स्कूल, आशुतोष विद्या मंदिर, पाथ सीकर, लालपुर पब्लिक स्कूल, माउंट जी लिटेरा स्कूल के छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। इन सभी विद्यालयों में भारत विकास परिषद सदस्यों कि टीमें प्रश्नपत्र लेकर पहुँच रही हैं और ओएमआर शीट के माध्यम से लिखित परीक्षा सम्पन्न करवा रही हैं। शाखा कोषाध्यक्ष अक्षय गहलौत ने सभी विद्यालयों कि ओर से मिलने वाले सहयोग के लिए विद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी इसी प्रकार के सहयोग कि अपेक्षा की और सभी छात्र छात्राओं को परीक्षा हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी विद्यालयों में परीक्षा उपरांत विद्यालय प्रबंधन को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न करवाने के लिए भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी संजय राधू, विरेन्द्र सुखीजा तथा विवेकानन्द शाखा सदस्य अंशुल गोयल, शुभम अग्रवाल, नरेश गुलाटी, स्नेह राध ,नेहा मित्तल, संजना अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, संजना अरोरा, शीशपाल सिंह, पवन कक्कड़, मोहित जिंदल, पलक जिंदल, रुचि अग्रवाल, प्रतीक तुलसयान, ललित मोहन कौशिक, अमित सिंघल, आदित्य गौतम, आस्था तनेजा, संजय खेड़ा, रीमा खेड़ा, दिवांशी अग्रवाल, विमल अरोरा तथा राजकुमार मिगलानी उपस्थित रहे।






## भारत को जानो प्रतियोगिता का सफल आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में शहर के 45 विद्यालयों के 12900 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी के प्रतियोगिता संयोजक दीपक बख्शी, सह संयोजक उपमा सेठी और डॉ मोनिका मित्तल ने बताया कि शाखा के अंतर्गत 12900 विद्यार्थियों ने जिसमें 5700 जूनियर वर्ग में तथा 7200 सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बीएलएम अकैडमी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, केवीएम पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, द परसिस्टेंट स्टूडेंट नेस्ट स्कूल, स्कॉलर्स एकेडमिक होम, किंग्स फोर्ड स्कूल, दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल, शिवालिक इंटरनेशनल, हरगोविंद सुयाल, आनंद एकेडमी, शैंमफोर्ड स्कूल आदि 45 विद्यालयों के छात्रों ने लिखित परीक्षा दी। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि लिखित परीक्षा में जीतने वाले छात्रों की प्रश्नमंच प्रतियोगिता होगी। शाखा सचिव डॉक्टर अभिषेक मित्तल ने बताया कि पिछले 50 दिन से 20 टीमों के प्रयास से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा सका। जिसमें कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, विवेक कश्यप, विपुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अविनाश सेठी, मनोहर केसरवानी, मीनू गुप्ता, नीतू अग्रवाल, एकता अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अंशुल गर्ग, अमित राजपाल, अशोक जैन आदि का मुख्य रूप से सहयोग मिला।



## टेंपो यूनियन की मासिक बैठक में लिये गये कई निर्णय

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।टेंपो यूनियन की मासिक बैठक में टेंपो यूनियन के विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से टेंपो यूनियन को 16 किलोमीटर की परमिशन ,टेंपो यूनियन का अपना टेंपो स्टैंड ,टेंपो चालकों के उत्पीड़न और अवैध वसूली आदि मुद्दे प्रमुख रूप से छाये रहे। उत्पीड़न रोकने के लिए रणनीति बनायी गयी। साथ ही 26 सितंबर को संगठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें रुद्रपुर के ट्रैफिक पुलिस सीपीयू पुलिस, आरटीओ अधिकारी, और रुद्रपुर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि विगत कुछ माह से नेताओं के संरक्षित गुंडो द्वारा टेंपो चालकों को परेशान किया जा रहा है और सरकार के नाम से डराया जा रहा है।। टेंपो यूनियन के अध्यक्ष सुब्रत विश्वास ने कहा कि गरीबों को डराने धमकाने का कार्य करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों को संज्ञान में लाकर कार्य किया जाएगा। उसके लिए कई बार शासन प्रशासन का अवगत कराया गया परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जल्दी टेंपो यूनियन और टेंपो चालकों द्वारा पुनः शासन प्रशासन को उसके बारे में अवगत कराया जाएगा और अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मजबूरन टेंपो चालक और सामाजिक संगठन इन गुंडों को सबक सिखाने के लिए उचित कदम उठाएगी।इस दौरान टेंपो यूनियन सलाहकार दिनेश भट्ट ,उपाध्यक्ष इंद्रपाल, कोषाध्यक्ष तपस विश्वास, उपकोषाध्यक्ष राहुल, सचिन, असलम, प्रभारी कृपाल, गजेंद्र, उमेश कुमार, उमेश चंद्र, मोहन, विक्की चौहान, सोमपाल, मोहित शर्मा ,सरताज, वसीम अहमद, राम कुमार, कृपाल, गुरपाल, रामबाबू,सुनील, सतपाल, गोविंद, सोन, जाजन लाल, रतन विश्वास, इरफान आदि लोगों उपस्थित रहे।



## भारत को जानो प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दी परीक्षा

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम चरण संपन्न हुआ। प्रतिभागियों, शिक्षको एवं परिषद के सदस्यों में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया। शाखा अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार गगनेजा, सचिव श्री प्रमोद बजाज एवं प्रकल्प संयोजक द्रोण बाजपेयी ने बताया कि प्रतियोगिता में नगर के 13 विद्यालयों के 1006 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें कनिष्ठ वर्ग के 443 एवं वरिष्ठ वर्ग के 563 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को 15 मिनट का समय ओ एम आर शीट में नाम  एवं कोड भरने के लिए तथा 30 मिनट का समय 40 प्रश्नों की उत्तर देने के लिए दिया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर कराई गई इसमें से प्रत्येक स्कूल के दो विद्यार्थी कनिष्ठ वर्ग से एवं दो विद्यार्थी वरिष्ठ वर्ग से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले नगर स्तरीय दूसरा चरण (क्विज प्रतियोगिता) में प्रतिभाग करेंगे। पर्यवेक्षक के रूप में दीपक सुधा, श्रीमती अल्लिका सुधा, विनोद चुघ, संजीव अनेजा, नरेश छाबड़ा, डॉक्टर सोनू विश्वास, डॉक्टर विनीत अरोरा, राजीव ग्रोवर, श्रीमती ज्योति ग्रोवर, श्रीमती राशि मदान, श्रीमती रिया छाबड़ा, रमन छाबड़ा, राकेश चावला 'गोल्डी', अमित सुखीजा 'गोल्डी', मनीष अरोरा के द्वारा सेवा प्रदान की गयी। सतीश बत्रा, गौरव मदान, राकेश गगनेजा, प्रवीण गिल्होत्रा के साथ-साथ परिषद के सभी सदस्यों जिन्होंने इस कार्यक्रम को तन और मन से संपन्न कराया उनका बहुत-बहुत साधुवाद। प्रत्येक स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं प्रतिभागियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद।




## प्रभु का आधार ही जीवन सफल बनाता है

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 25वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि प्रभु का आधार ही जीवन सफल बनाता है, संसार गोवर्धन प्रभु के सहारे हैं भगवान का आधार होने के कारण आनंद ही आनंद है, उनका सहारा ना हो तो क्षण भर में लाख खाक हो जाते हैं , दुख में विपत्ति के साथ प्रभु का आश्रय लो, सहारा लो, गिरिराज धरण की लीला में यही भाव है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद की सेवा 4 परिवारों जुगनू सुखीजा एवं गोल्डी सुखीजा, राकेश रस्तोगी निवासी करतारपुर रोड ,रामचंद्र गुप्ता निवासी शिशु मंदिर रोड ,सेवाराम चंद्रा द्वारा दी गयी।







# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सीमा विवाद सुलझाने की पहल

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच चल रहे विवादों के सुलझने की एक बार फिर उम्मीद बनी है। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने अपने अधिकारियों से सीमा विवाद सुलझाने को कहने का आश्वासन दिया। हालांकि ब्रिक्स सम्मेलन से पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि जब दोनों नेता वहां मिलेंगे, तो वास्तविक नियंत्रण रेखा के विवादों पर विस्तार से बात करेंगे। मगर ऐसा अवसर नहीं बन पाया। फिर भी सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं ने इस संबंध में बातचीत की और उनका रुख सकारात्मक देखा गया। इससे यह संकेत साफ है कि दोनों के रिश्तों में वैसी खटास नहीं है, जैसी आमतौर पर दो देशों के बीच सीमा विवाद के चलते देखी जाती है। चीन ने भी भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत बनाए रखने पर जोर दिया। इससे पहले दोनों नेता पिछले साल जी-20 के शिखर सम्मेलन के दौरान इंडोनेशिया में मिले थे। ब्रिक्स सम्मेलन में इनके मिलने से पहले इस मुद्दे पर दोनों देशों के वरिष्ठ सेनाधिकारियों की उन्नीसवें दौर की दो दिवसीय बातचीत हो चुकी थी, जिसमें विवाद खत्म करने का सकारात्मक संकेत दिखाई दिया था।वास्तविक नियंत्रण रेखा पर विवाद भारत की तरफ से पैदा नहीं हुआ है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत भारत के अधिकार वाले क्षेत्रों में घुसपैठ और कब्जा करने का प्रयास करता रहता है। इसी के कारण 2020 में चीनी सैनिक गलवान घाटी में घुस आए थे, जिसे लेकर संघर्ष हुआ और दोनों तरफ के सैनिक मारे गए थे। तबसे दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। चीन ने भारत के हिस्से वाली कुछ जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती कर रखी है, जिसकी वजह से पहले जहां तक भारतीय सैनिक गश्ती किया करते थे, वहां तक नहीं जा पाते। गलवान, डेपसांग, डोकलाम, तवांग जैसे कई इलाकों में चीनी सैनिकों की घुसपैठ बताई जाती है। भारत चाहता है कि उन इलाकों में यथास्थिति बहाल हो। हालांकि दोनों देशों ने बातचीत के आधार पर कुछ इलाकों से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटाया है, मगर अब भी कई इलाके विवादित हैं। ये विवाद सुलझाने पर सहमति बनने की उम्मीद इस बात से नजर आती है कि चीन ने कभी बातचीत से अलग होने की कोशिश नहीं की। हालांकि वह अपनी शर्तों और जिद पर कायम रहता है, पर दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला चलता रहे, तो समाधान का रास्ता भी बनेगा। अगले महीने भारत जी-बीस सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। उस दौरान भी दोनों देशों के नेता मिलेंगे। चीन बेशक अपनी विस्तारवादी नीति के तहत भारत पर दबाव बनाने और उसके इलाके में घुसपैठ की कोशिश करता है, पर उसे अच्छी तरह मालूम है कि भारत की हैसियत अब वैसी नहीं है कि उस पर दबाव बनाया जा सके। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विज्ञान और तकनीक के मामले में भारत निरंतर आत्मनिर्भर हो रहा है। व्यापार वाणिज्य के मामले में भी चीन पर उसकी निर्भरता कम हो रही है। सामरिक शक्ति के पैमाने पर वह चीन को टक्कर देने लगा है। ऐसे में वह भारत से अपने रिश्ते खराब कभी नहीं करना चाहेगा। आज भी भारत, चीन के लिए एक बड़ा बाजार है। ऐसे में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर विवादों को सुलझाने में बेशक कुछ देर हो, पर इसे लेकर नाउम्मीद बिल्कुल नहीं हुआ जा सकता।

# चांद पर जीवन की तलाश

चंद्रयान तीन के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल प्रक्षेपण के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान ने पानी और खनिजों की खोज के उद्देश्य से काम शुरू कर दिया है। देश की समूची जनता इस सफलता से अति उत्साह में है। अब यह प्रश्न आम और खास आदमी के मन में सहज ही उत्पन्न होने लगा है कि क्या आगामी कुछ वर्षों में चंद्रमा पर मानव बस्तियां बसाई जा सकेगी ? इन्हीं संभावनाओं की तलाश में विक्रम और प्रज्ञान ने संयुक्त अभियान छेड़ दिया है। ये यहां पानी के साथ आग की भी तलाश करेंगे। यदि आग और पानी मिल जाते हैं तो चांद पर मनुश्य के आबाद होने की उम्मीद बढ़ जाएगी। लेकिन एकाएक चांद पर सुविधायुक्त घर बनाना तो संभव नहीं होगा, अतएव ऐसी गुफाओं या कोटरों में रहना होगा, जिनमें पाशाण युग का मनुश्य अग्नि के साथ रहता था। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सघन रूपों में बड़ी मात्रा में पानी उपलब्ध होने के तत्व मिले हैं। लेकिन ये जहां इंसान रहेगा वहां से बहुत दूर भी हो सकते हैं। इसलिए आरंभ में चांद के मौसम की जानकारी के साथ वहां के वायुमंडल में गैसों की मौजूदगी का भी पता लगाना होगा, जिससे उनके अनुकूल जीवन को संभव बनाया जा सके। हालांकि कई शोधों से यह ज्ञात हुआ है कि चंद्रमा पर गुफाओं की अनेक संरचनाएं हैं। कुछ गुफाओं में तापमान भी मनुष्य के अनुकूल है। इन गुफाओं के इर्द-गिर्द गड्ढे हैं और इन गड्ढों में पृथ्वी जैसा तापमान है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुसार वहां 17 डिग्री सेल्सियस तापमान पाया गया है। परंतु चंद्रमा की सतह पर तापमान बदलता रहता है। दिन के समय यह 260 डिग्री तक और रात में यह तापमान शून्य से 280 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। इसलिए प्रज्ञान ऐसे स्थलों की खोज भी करेगा जहां तापमान स्थिर रहता हो। चंद्रमा पर एक दिन या रात पृथ्वी के दो सप्ताह से थोड़े ज्यादा होते हैं। इस कारण भी मनुष्य का रहना आसान नहीं हो पा रहा है। हालांकि नवीनतम अनुसंधानों से पता चला है कि 200 से अधिक ऐसे गड्ढे हैं, जो लावा फूटने के कारण बने है। इनकी तलाश 2009 में ही कर ली गई थी। 2009 में ही भारत के चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी के साक्ष्य लिए थे। नौवें दशक से चंद्रमा को लेकर दुनिया के सक्षम देशों की दिलचस्पी इसलिए बढ़ी, क्योंकि चंद्रमा पर बर्फीले पानी और भविष्य के ईंधन के रूप में हीलियम-3 की बड़ी मात्रा में उपलब्ध होने की जानकारियां मिलने लगीं थीं। वैज्ञानिक दावा कर रहे



हैं कि हीलियम से ऊर्जा उत्पादन की फ्यूजन तकनीक के व्यावहारिक होते ही ईंधन के स्रोत के रूप में चांद की उपयोगिता बढ़ जाएगी। यह स्थिति आने वाले दो दशकों के भीतर बन सकती है। गोया, भविष्य में उन्हीं देशों को यह ईंधन उपलब्ध हो पाएगा, जो अभी से चंद्रमा तक के यातायात को सस्ता और उपयोगी बनाने में जुटे हैं। मंगल हो या फिर चंद्रमा कम लागत के अंतरिक्ष यान भेजने में भारत ने विशेष दक्षता प्राप्त कर ली है। दूसरी तरफ जापान ने चंद्रमा पर 50 किमी लंबी एक ऐसी प्राकृतिक सुरंग खोज निकाली है, जिससे भयंकर लावा फूट रहा है। चंद्रमा की सतह पर रेडिएषन से युक्त यह लावा ही अग्नि रूपी वह तत्व है, जो चंद्रमा पर मनुष्य के टिके रहने की बुनियादी शर्तों में से एक है। इन लावा सुरंगों के इर्द-गिर्द ही ऐसा परिवेश बनाया जाना संभव है, जहां मनुष्य जीवन-रक्षा के कृत्रिम उपकरणों से मुक्त रहते हुए, प्राकृतिक रूप से जीवन-यापन कर सके। 2009 के आस-पास भारत के चंद्रयान-1 और अमेरिकी नासा के लूनर रीकॉनाइसेंस ऑर्बिटर ने ऐसी जानकारियां भेजी हैं, जिनसे चंद्रमा पर चौतरफा पानी उपलब्ध होने के संकेत मिलते हैं। गोया, चंद्रमा की सतह पर पानी किसी एक भू-भाग में नहीं, बल्कि हर तरफ फैला हुआ है। इससे पहले की जानकारियों से सिर्फ यह ज्ञात हो रहा था कि चंद्रमा के ध्रुवीय अक्षांश पर अधिक मात्रा में पानी है। इसके अतिरिक्त चंद्रमा पर दिनों के अनुसार भी पानी की मात्रा बढ़ती व घटती रहती है। पृथ्वी के साढ़े उनतीस दिन के बराबर चंद्रमा का एक दिन होता है। मसलन यहां पृथ्वी के साढ़े 14 दिन के बराबर एक दिन और इसी अनुपात में रातें होती हैं। 'नेचर जिओ साइंस जर्नल' में छपे लेख के मुताबिक चंद्रमा पर पानी की उत्पत्ति का ज्ञान होने के साथ ही, इसके प्रयोग के नए तरीके ढूढ़े जाएंगे। इस पानी को पीने लायक बनाने के लिए नए शोध होंगे। इसे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विघटित कर सांस लेने लायक वातावरण निर्मित करने की भी कोशिशें होंगी। इसी पानी को विघटित कर इसे रॉकेट के ईंधन के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दावा किया है कि उसे चंद्रमा पर पर्याप्त रूप में पानी मिला है। यह पृथ्वी से दिखने वाले दक्षिणी ध्रुव के एक गड्ढे में अणुओं के रूप में नजर आया है। इस खोज से वैज्ञानिकों को भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने में मदद मिल सकती है। लेकिन इस दावे के 11 साल पहले ही इसरो के चंद्रयान-1 ने 2009 में दक्षिण ध्रुव पर पानी होने के साक्ष्य दे दिए थे। यह दावा अमेरिका की संस्था स्ट्रैटोस्फियर ऑब्जरवेटरी फॉर इंफ्रारेड एस्ट्रोनॉमी ने की है। संस्था का दावा है कि यह पानी सूरज की किरणें पड़ने वाले क्षेत्र में मौजूद क्लेवियस क्रेटर में मिला है। नासा के मुताबिक चांद की सतह पर भारत समेत अन्य देशों द्वारा किए पानी के परीक्षणों के दौरान हाइड्रोजन की मौजूदगी का पता चला था, लेकिन तब हाइड्रोजन और पानी के निर्माण के लिए जरूरी अवयव हाइड्रॉक्सिल की गुत्थी नहीं सुलझ पाई थी। इस गुत्थी के सुलझने के बाद ही दक्षिणी ध्रुव पर पानी उपलब्ध होने की पुष्टि हुई है। नासा ने इस खोज के निष्कर्ष नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित किए हैं। इस निष्कर्ष के मुताबिक चांद पर 40,000 वर्ग किमी से ज्यादा क्षेत्र में पानी की संभावना है। भारत के इसरो ने 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान-1 प्रक्षेपित किया था। इसने ही पहली बार चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए थे। यह पानी मून इफेक्ट प्रोब यंत्र ने दिए थे। इसे ऑर्बिटर के जरिए नवंबर 2008 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर गिराया गया था। सितंबर 2009 में इसने जानकारी दी कि चांद की सतह पर पानी चट्टान और धूल के कणों में भाप के रूप में अंतर्निहित है। इस प्रोब को चंद्रयान-1 के साथ भेजने का सुझाव पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने दिया था। उन्होंने कहा था कि जब चंद्रयान ऑर्बिटर चंद्रमा के इतने निकट जा रहा है, तो क्यों न इसके साथ एक इम्पैक्ट प्रोब भी भेज दिया जाए। इससे चांद पर हमारी खोज को विस्तार मिलेगा। उनका अनुमान सटीक बैठा और इस प्रोब ने चांद पर पानी होने के साक्ष्य दुनिया के सामने प्रस्तुत कर दिए। चंद्रमा पर जब पानी और आग के रूप में ईंधन आसानी से सुलभ हो जाएंगे, तब चंद्रमा पर मनुष्यों के बसने का सिलसिला शुरू होने की उम्मीद की जाएगी।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# देहरादून समेत चार जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के चार जिलों में आज भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दून समेत सभी चार जिलों में तेज गर्जन और बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश होने की संभावना है। अगले तीन दिन तक प्रदेश में बारिश से राहत मिलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाओं का असर कम हुआ है। इसके चलते 27 से 29 अगस्त तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तराखंड में जुलाई में 552.7 एमएम बारिश हुई थी जो सामान्य से 32 फीसदी अधिक है। जबकि, 25 अगस्त तक 342.3 एमएम बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से पांच फीसदी अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, मानसून सीजन में अब तक बारिश के पैटर्न में बदलाव देखने को मिला है। तेज बारिश का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी प्रणाली का प्रभाव है। अगले तीन दिन इसके कम होने का असर दिखेगा। इस बार दो मौसम प्रणालियों के मिलने से उत्तराखंड में बारिश तबाही मचा रही है। इससे पहले वर्ष 2013 में ऐसा हुआ था। तब केदारनाथ में भीषण आपदा आई थी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग जैसे-जैसे बढ़ेगी, मौसम प्रणालियों के मिलने की घटनाएं भी बढ़ेंगी। इसके चलते बारिश की तीव्रता और बढ़ सकती है।

# लापता हुए दो और लोगों के शव मंदाकिनी नदी से बरामद

रूद्रप्रयाग। गौरीकुंड भूस्खलन हादसे में लापता 15 लोगों में दो और लोगों के शव रामपुर के समीप मंदाकिनी नदी से बरामद किए गए। इस दौरान एक शव की शिनाख्त कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। वहीं, दूसरे शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शेष 13 लोगों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है। बता दें कि बीते तीन अगस्त की रात गौरीकुंड डाटपुल के समीप भारी भूस्खलन होने से तीन दुकानें बह गईं थी। इसके बाद हादसे में लापता 23 लोगों में अभी तक 10 के शव बरामद किए जा चुके हैं। शुक्रवार को जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार के नेतृत्व में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस व होमगार्ड के जवान रेस्क्यू में जुटे रहे। इस दौरान मुनकटिया के समीप मंदाकिनी नदी के किनारे से रेस्क्यू दल को एक शव मिला।शव की शिनाख्त 26 वर्षीय चंद्रकामी, निवासी नेपाल के रूप में की गई। वहीं, एक अन्य शव रामपुर में जीएमवीएन विश्राम गृह के ठीक नीचे नदी किनारे से मिला, जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शव काफी गले हुए हैं। जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# राज्यपाल ने किया धर्मार्थ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

देहरादून/मोहाली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को जीरकपुर, मोहाली में श्री श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन के नवनिर्मित धर्मार्थ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। उन्होंने श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन को इस नेक कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और इसमें महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए श्री संजय सिंगला, श्री अमित जिंदल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में समर्पित होकर 'नर सेवा, नारायण सेवा' के मूल मंत्र पर चलते हुए सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की गयी है। उन्होंने कहा कि जब लोग स्वस्थ रहेंगे तो, समाज स्वस्थ रहेगा, जब समाज स्वस्थ रहेगा तो, देश स्वस्थ रहेगा, और जब हमारा देश स्वस्थ रहेगा तो, हमारा राष्ट्र मजबूत बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह हॉस्पिटल जरूरतमंद लोगों के उपचार में मददगार साबित होगा। राज्यपाल ने कहा कि बहुत से लोग अनेक बीमारियों, असाध्य रोगों से पीड़ित हैं, कई जरूरतमंद लोगों को रोग स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स का समय पर अपॉइंटमेंट भी नहीं मिल पाता, कई बार फीस भी देने



के अभाव में इलाज से वंचित रहना पड़ जाता है, ऐसे में रियायती दरों में ईलाज करने वाले हॉस्पिटल की स्थापना सराहनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह हॉस्पिटल जरूरतमंद लोगों के उपचार में मददगार साबित होगा। उन्होंने कनिका फाउंडेशन अन्य सामाजिक और धार्मिक कार्यों जैसे फूड बैंक, धर्मशालाएँ, हॉस्पिटल्स के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद नरेश बंसल ने कहा जहां हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के माध्यम से करोड़ों रोगियों का उपचार कर रहे हैं, वहीं संजय सिंगला जैसे समर्पित समाजसेवी मात्र ग्यारह रूपये में उपचार कराने का कार्य कर राष्ट्र को गति प्रदान कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में पधारे रोशनलाल अग्रवाल ने श्री श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन द्वारा संचालित अस्पताल की पृष्ठभूमि से अवगत करवाते हुए कहा कि इस फाउंडेशन में संजय सिंगला सहित सभी कर्मवीर श्री श्याम सहारा यानि खाटू श्याम जी के उपासक हैं जो स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु तन मन धन से पूर्णतया समर्पित है। रोशनलाल अग्रवाल ने बताया कि इसी पुनीत भाव से श्याम सहारा कनिका फाउंडेशन द्वारा संचालित धर्मार्थ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोलने का निर्णय लिया गया। इसमें मात्र ग्यारह रूपये में ओ.पी.डी. होगी, ग्यारह रूपये में उसकी दवाई दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में आंखों के 101 ऑपरेशन फ्री किए जायेंगे। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सीएस ने दिए जनपद में पार्किंग सुविधाएँ विकसित करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने नैनीताल और हल्द्वानी शहर के यातायात समस्या को सुधारने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी नैनीताल के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने नैनीताल और हल्द्वानी शहरों के मार्गों के चौड़ीकरण, चौराहों के सुधारीकरण के साथ ही विभिन्न स्थानों पर पार्किंग सुविधाएँ विकसित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। उन्होंने हल्द्वानी और नैनीताल शहरों के यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिये जाम से ग्रस्त चौराहों और बोटल नेक चिन्हित कर उनमें यातायात विशेषज्ञों के माध्यम से सुधारीकरण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पार्किंग सुविधाओं की भी लगातार बढ़ोत्तरी की जाए।मुख्य सचिव ने कहा कि अधिक से अधिक पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण कर विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाए कि पर्वतीय नगरों में छोटी छोटी एवं अधिक संख्या में पार्किंग तैयार की जाएं। उन्होंने पर्यटन स्थलों में पार्किंग विकसित करने के साथ ही वाहन चालकों के लिए डोरमेट्री एवं खाने के लिए कैंटीन जैसी व्यावहारिक आवश्यकताओं पर भी ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहरों के मध्य भूमि उपलब्धता के अनुरूप छोटे छोटे पार्क भी विकसित किए जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सचिव श्री वी. षणमुगम एवं जिलाधिकारी नैनीताल श्रीमती वंदना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सहकारिता मंत्री ने किया सालम जैंती में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जनपद प्रभारी मंत्री तथा चिकित्सा, शिक्षा, उच्च शिक्षा सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने तहसील जैंती के धामदेव में सालम क्रांति दिवस में प्रतिभाग कर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद नर सिंह एवं टीका सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी नर सिंह और टीका सिंह





ने अंग्रेजो से लड़ते हुए 25 अगस्त 1942 को इस स्थान पर बलिदान दिया था। उनकी बरसी पर हर साल धामदेव में यह दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर बीजेपी कार्यकर्ताओं समेत क्षेत्रीय जनता ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत 45.71 लाख रुपए की लागत से सालम ,जैंती में बने शहीद स्मारक का लोकार्पण भी किया तथा शहीद नरसिंह धानक एवं शहीद टीका सिंह की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि सालम क्रांति देश एवं दुनिया में विशेष स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए जैंती क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आने वाले दिनों में सालम क्रांति में शहीद नरसिंह धानिक एवं शहीद टीका सिंह के बलिदान को कक्षा 12 तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सालम क्रांति शहीद स्मारक के विभिन्न कार्यों को करने हेतु 25 लाख रुपए भी अवमुक्त किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए लगातार सरकार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि 6 से 12 तक की कक्षा के बच्चों को 70 प्रतिशत या उससे ऊपर नंबर लाने पर सरकार द्वारा छत्रावृति की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैंती अस्पताल में 1 करोड़ रुपए की लागत से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा तथा डिग्री कॉलेज जैंती को भी 5 करोड़ रुपए दिए जाएंगे, जिससे व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा सके। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के आश्रितों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। यहां पहुंचे पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने भी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देश की आजादी के स्वतंत्रता संग्राम में वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि सालम की धरती वीरों की धरती है। साथ ही कहा कि देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल पाएगा।इस अवसर पर यहां पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, ब्लॉक प्रमुख विक्रम सिंह बगड़वाल सहित अन्य उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन प्रताप राम ने किया।

# युवक की संदिग्ध मौत से परिवार में मचा कोहराम

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 2 के युवक को बाईपास से अचेत अवस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची सिडकुल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार फैजान(19) पुत्र मोहम्मद उमर निवासी भोला कॉलोनी बृहस्पतिवार दोपहर को करीब 3 बजे अपने घर से बाजार किसी काम से जाने के लिए निकला था। लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। शाम 6 बजे परिजनों को फैजान के संदिग्ध परिस्थितियों में बायपास मार्ग पर अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर आनन फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने फैजान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।



जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटनाक्रम संदिग्ध प्रतीत होने पर सिडकुल पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही फैजान की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि फैजान के पिता मोहम्मद उमर सऊदी अरब में काम करते हैं और माता शाहीन गृहस्ती चलती है। वही मोहम्मद उमर की दो संतानों में फैजान बड़ा पुत्र था जबकि एक छोटा पुत्र फरहान है।

# वोटर चेतना महा अभियान शुरू

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भाजपा ने होने वाले लोकसभा चुनाव एवं निकाय चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दिया जिसको लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाई कमान के निर्देश पर रामनगर विधानसभा क्षेत्र में भी वोटर चेतना महा अभियान का शुभारंभ कर दिया। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैंप लगाकर अभियान के संबंध में छात्र छात्राओं को जानकारी दी तो वही कई लोगों के नए मतदाता के रूप में फार्म भी भरवाए




उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से लोगों से अपील की जा रही है कि जिन लोगों के वोट अभी तक नहीं बने हैं वह अपने वोट अवश्य बनवाने तथा जिन लोगों की मृत्यु हो गई है उनका वोटर लिस्ट से नाम हटाने को लेकर भी फॉर्म भरे गए उन्होंने बताया कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में 10000 नए मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा गया है तो वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने बताया कि पार्टी द्वारा जन जागरूकता को लेकर इस प्रकार के कई अभियान लगातार पूरे देश व प्रदेश में चलाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि आज भाजपा देश व प्रदेश में जनता के सहयोग से मजबूत हो रही है तथा यह अभियान लगातार जारी रखने की बात भी कही है।

# एकत्रित कूड़ा डंपिंग जोन में ही डालना सुनिश्चित करें : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद के नगर निकायों, जिला पंचायत के अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ जनपद के कूड़ा निस्तारण कार्यों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पूर्व में दिये गये निर्दशो के क्रम मे जिला पंचायत एवं विकास खंड कार्यालयों के लिए नगर निकायों के डंपिंग जोन में कूड़ा डाले जाने का शुल्क निर्धारित न होने पर कड़ी नाराज की प्रकट की। उन्होंने कहा नगर निकायों, जिला पंचायत एवं विकासखंड कार्यालयों के अधिकारी तत्काल ही बैठक आयोजित कर प्रति कुंतल की दर से कूड़े का शुल्क निर्धारित करें तथा जिला पंचायत एवं खंड विकास कार्यालयों द्वारा जिस नगर निकाय के डंपिंग जोन में कूड़ा डाला जा रहा है उस नगर निकाय को निर्धारित शुल्क अदा किया जाय ताकि संबंधित नगर निकाय द्वारा उस शुल्क का उपयोग अपने डंपिंग जोन में एकत्रित कूड़े के उचित निस्तारण हेतु किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत एवं विकासखंड कार्यालय द्वारा जिस समयावधि से नगर निकायों के डंपिंग जोन में कूड़ा डालना शुरू किया गया है उस अवधि से ही शुल्क का आंकलन कर संबंधित नगर निकाय को शुल्क अदा किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्वच्छता तभी बनी रह सकती है जब जनपद का कूड़ा निस्तारण कार्य जनपद के नगर निकाय, जिला पंचायत एवं विकास खण्ड कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किया जायेगा । इसलिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनपद में कूड़ा एकत्रीकरण व निस्तारण की समन्वित कार्य योजना का यह परिणाम देखने को मिल रहा है कि जनपद के नगर, कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा कूड़ा नालियों व सड़कों में न फेंककर उनके क्षेत्रों में स्थापित कूड़ेदानों में ही डाला जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारियों को चाहिए कि वे भी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों के कूड़ेदानों में एकत्रित कूड़े को नियमित रूप से उठाते हुए निर्धारित डंपिंग जोन में डालना सुनिश्चित करें तथा संबंधित नगर निकाय के अधिकारी संबंधित डंपिंग जोन से भी कूड़े का निस्तारण नियमित रूप से जनपद से बाहर करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ शिव कुमार बरनवाल, उप जिलाधिकारी अनिल शुक्ला, एएमए जिला पंचायत अनिल जोशी, नगर निकायों के अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**तो ऊधमसिंहनगर जिले में अब...** पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है । लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि ऊधमसिंहनगर में महिलाओं के विरुद्ध अपराध का ग्राफ लगातार ऊंचा होता जा रहा है । कदाचित यही कारण है कि जिले में पिछले एक साल के दौरान महिलाओं के अपहरण के जितने मामले हुए थे, उससे ज्यादा मामले इस वर्ष के पहले 6 महीनों में ही सामने आ चुके हैं। इस तरह पुलिस आंकड़ों की गवाही के आईने में ही,अगर महिलाओं के अपहरण से संबंधित अपराधों की दर का सूक्ष्म विवेचन करें , तो उधम सिंह नगर जिले में हर महीने 6.33 महिलाओं का अपहरण प्रतिमाह किया गया ।उधम सिंह नगर जिले के लिहाज से यह खासा चिंता जनक है, कि उधम सिंह नगर जिला केवल महिलाओं के अपहरण अथवा महिलाओं के विरुद्ध अपराध में ही पूरे कुमाऊं मंडल में अग्रणी नहीं है, बल्कि अन्य छोटे ,बड़े एवं जघन्य अपराधों में भी पहले पायदान पर है। चाहे फिर वो घर में घुसकर चोरी हो, वाहन चोरी, लूट, डकैती हत्या अथवा या फिरौती के अपराध क्यों ना हों। उधम सिंह नगर जिले के बाद कुमाऊं मंडल का नैनीताल जिला अपराधों की दृष्टि से दूसरे पायदान पर है। हालांकि दूसरे नंबर पर होने के बावजूद उधम सिंह नगर के मुकाबले यहां अपराध काफी कम है। आंकड़ों के आलोक में देखें तो नैनीताल जिले में वर्ष 2023 के पहले 6 महीने में महिला अपहरण के 15 मामले एवं बलवा के 31 मामले दर्ज किए गए ।जबकि उधम सिंह नगर जिले में बलवा से संबंधित अपराधों की संख्या 56 रही है। वही अल्मोड़ा एवं बागेश्वर जिले में महिला अपहरण के क्रमश: एक-एक मामले दर्ज किए गए । इसके अलावा चंपावत में महिला अपहरण के दो मामले सामने आए हैं। उत्तराखंड के भीतर पिथौरागढ़ ही एकमात्र ऐसा जिला है ,जहां वर्ष 2023 के पहले 6 माह में महिला अपहरण से संबंधित एक भी मामला सामने नहीं आया। इस दृष्टि से राज्य का पिथौरागढ़ जिला महिला सुरक्षा की दृष्टि से सबसे अधिक महफूज है। हाल ही में सामने आए आंकड़ों के आईने में यदि कुमाऊं मंडल को केंद्र में रखकर दृष्टिपात किया जाए, तो इस साल के पहले 6 माह के भीतर पूरे कुमाऊं से महिला अपहरण के कुल 57 मामले दर्ज हुए, जबकि बलवा की 138 रिपोर्ट दर्ज की गई। कुमाऊं मंडल के सभी जिलों की पुलिस के लिए बड़ी राहत की बात तो यह है कि चालू वर्ष में अभी तक हत्या के लिए कहीं भी किसी का अपहरण नहीं हुआ। यह अलग बात है कि वर्ष 2022 में ऊधमसिंहनगर में इस श्रेणी के 2 मामले दर्ज किए गए थे।

**किच्छा में नाटिस मिलने से ...**सप्ताह भर का समय दिया गया है। किंतु वर्षा काल होने के कारण लोगों के पास वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने की वजह से आम जनता को रहने खाने की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सभी लोगों की प्रशासन से मांग है कि वर्षा काल तक उन्हें अतिक्रमण हटाने का समय दिया जाए। जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा द्वारा अतिक्रमण कारियों को समझाते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में अतिक्रमित भूमि को खाली कराया जा रहा है। इस संबंध में जो भी कानून सम्मत व्यवस्था हो पाएगी उसी के तहत कार्यवाही कर राहत दी जा सकती है। अन्यथा अतिक्रमित भूमि को समय पर ही खाली करना न्याय संगत है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था कर लें ताकि असुविधाओं से बचा जा सके। उपजिलाधिकारी से मिलने वालों में मुख्य रूप से प्रधान पति रूप सिंह, अनिल मेहरा, श्यामवीर,रेखा,पूनम,सहित लगभग 200 महिला पुरुष मोजूद थे।उधर लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व में चिन्हित महाराणा चौक से डीडी चौक तक के लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अतिक्रमण किए हुए लोगों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए गए हैं जिससे व्यापारियों में भी कड़कंप मचा हुआ है नगर में लोक निर्माण विभाग द्वारा दिए गए नोटिस में भी 7 दिन का समय दिया गया है तथा स्पष्ट कहा गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के क्रम में लोक निर्माण विभाग की भूमि खाली कराई जाएगी। अतिक्रमण कारि सात दिन में स्वयं अतिक्रमण हटा लेता है तो कोई कार्रवाई उसके विरुद्ध नहीं की जाएगी अन्यथा के क्रम में ध्वस्तीकरण के लिए आने वाले खर्च का वहन भी अतिक्रमणकारियों को करना होगा। नगर क्षेत्र अंतर्गत एमपी चौक से डीडी चौक तक 134 लोगों को सड़क के दोनों और चिन्हित किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में हनुमान मंदिर से लेकर बेनी मजार तक लोक निर्माण विभाग ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त करा लिया था।

**किशोरी से बातचीत करने...**अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां आ धमका और गाली गलौज करते हुए अश्लील आरोप लगाने लगा। इस दौरान आरोपी युवकों ने उसे जबरदस्ती पकड़ कर मारते हुए समीप स्थित एक सैलून की दुकान में ले गए और वहां उसे गंजा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजवीर को खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद करते हुए उसके अज्ञात साथियों की तलाश शुरू कर दी।

**ऊधमसिंहनगर पुलिस...**पुलिस समय-समय पर महिला अपराध के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम चलाती है। इसके लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं और गौरा शक्ति ऐप भी इस दिशा में कारगर साबित हो रहा है।

**घर से अज्ञात चोरों ने ..**हजारों रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

**किशोरी को अगवा...**पकड़ कर उहके साथ दिनदहाड़े छेड़छाड़ करते हुए उसे बलपूर्वक साथ ले जाने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# पूर्व विधायक ने किया खेल महोत्सव का शुभारम्भ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। दक्ष खेल अकादमी नानकमत्ता के द्वारा आयोजित दक्ष खेल महोत्सव 2 का पूर्व विधायक नानकमत्ता डॉ प्रेम सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। राणा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल शरीर के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है उन्हें प्रतियोगिता को अपने अंदर खेल भावना जागृत करना है और अपना मनोबल बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन कर्ता दक्ष स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेड़ा कोच किशोर डांगी, संचालन कर्ता नारायण खाती, मेहता क्लब के अध्यक्ष रवि मेहता और सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं की कबड्डी, दौड़, ऊंची कूद ,लंबी कूद का आयोजन किया गया इस अवसर पर नानकमत्ता खटीमा सितारगंज के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में यह लोग उपस्थित रहे जिला मंत्री भाजपा ओम नारायण राणा,सैनिक संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट, सैनिक संगठन के उपाध्यक्ष सुरेश जी,हीरा सिंह,राजेंद्र नाथ गोस्वामी,हेमंत सिंह राणा आदि थे।

# चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू बरामद किया है। पता चला है कि कोतवाली पुलिस रोजाना की भांति क्षेत्र में ग्रस्त पर थी इसी दौरान उसने अचार फैक्ट्री के पास से बूरा बताशा वाली गली काशीपुर निवासी अली अकबर उर्फ फिदा पुत्र मुख्तार को संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से चाकू बरामद किया। जरूरी जानकारी जुटाना के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया गया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# इसरो वैज्ञानिक महेंद्रपाल के परिजनों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश अध्यक्ष उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ कई गणमान्य लोगों ने आज चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने में सहयोगी इसरो के वैज्ञानिक महेंद्रपाल सिंह छाबड़ा के रुद्रपुर निवासी परिजनों को मल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सारा वातावरण भारत माता के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। श्री चुघ ने कहा कि यह नगर वासियों के लिए गर्व की बात है कि भारत का नाम रोशन करने वैज्ञानिक में महेंद्रपाल सिंह व उनका परिवार रूद्रपुर ने निवास कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पंजाबी महासभा इसरो वैज्ञानिक महेंद्रपाल सिंह व उनके समस्त परिजनों को हार्दिक बधाई देती है । उन्होंने बताया कि महेंद्रपाल सिंह इसरो में मौसम



वैज्ञानिक के रूप में अपने सेवाएं पिछले करीब 36 वर्षों से दे रहे हैं। उनका जन्म ग्राम करनपुर काशीपुर में हुआ था। हाई स्कूल तक की शिक्षा काशीपुर में ग्रहण करने के बाद नैनीताल जाकर पोलिटेनिक की और फिर वर्ष 1987 में उन्होंने इसरो में सेवाएं देनी शुरू की। वैज्ञानिक के रूप में कार्य करते हुए कर्नाटका से ही एम टेक की डिग्री हासिल की। आज चंद्रयान की सफलता पर समस्त वैज्ञानिकों के साथ महेंद्रपाल सिंह पर भी सारा देश गर्व कर रहा है। उनके परिजनों ने बताया कि महेंद्रपाल सिंह बचपन से ही काफी मेहनती था और उसके दिल में देश के लिए कुछ विशेष करने की तमन्ना थी। इसी को पूरा करने के लिए वह हमेशा काम करता रहा। वैज्ञानिक के रूप में महेंद्रपाल ने कई देशों को भी अपनी सेवाएं दी हैं। श्री चुघ ने कहा कि आज इसरो वैज्ञानिक महेंद्रपाल सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया है। जब भी महेंद्र पाल रूद्रपुर आयेंगे सारा शहर उनका जोरदार स्वागत करेगा। इस अवसर पर वैज्ञानिक महेंद्र सिंह छाबड़ा के बड़े भाई इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, बड़ी बहन राज कौर,छोटे भाई जगजीत सिंह छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह, हरबंस सिंह, सर्वजीत सिंह आदि मौजूद थे । स्वागत करने वालों में युवा पंजाबी सभा के राज गगनेजा, बलजीत सिंह गाबा, अजीतपाल सिंह, किशनलाल हुड़िया,सुनील चुघ,पारस चुघ, जतिन मल्होत्रा, कपिल कालड़ा, मनीष ग्रोवर, सुरेंद्र सिंह सरजू, गगन दुनेजा, सत्यम अरोरा,जतिन साहनी, अक्षय गाबा, सोम पाल सिंह, सहित कक्कड़, राज कोली, विनय बत्रा, पार्षद रमेश कालड़ा, तजेंद्र सिंह लाटू, नरेंद्र सिंह, जयदीप सिंह संधू, गुरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह वर्क आदि थे।

# चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर 11 वीं बार पहुंचा जेल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चोरी, नकबजनी, स्मैक तस्करी जैसे विभिन्न आपराधिक मुकदमों में जमानत पर बाहर आए एक अभियुक्त को एक बार फिर अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार का. हरीश रावत व मो. अतहर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में चौकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध रूप से



घूम रहे व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम पता शाहरुख उर्फ चौटा मालिक, निवासी इन्द्रानगर, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने चाकू कब्जे में लेकर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस द्वारा जब उक्त गिरफ्तार व्यक्ति का अपराधिक इतिहास खंगाला गया तो उसके विरुद्ध कई आपराधिक अभियोग पाए गए। जिनमे चोरी, नकबजनी, स्मैक तस्करी जैसे विभिन्न आपराधिक मुकदमों वह जमानत पर बाहर आया हुआ था।

# युवा वैश्य महासभा कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी कार्यकारिणी की बैठक में वैश्य महासभा अध्यक्ष आलोक शारदा ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते



हुए कहा कि श्री गणेश महोत्सव युवाओं के नेतृत्व में ही सफल होता है। साथ ही महामंत्री भवानी शंकर नीरज द्वारा श्री गणेश महोत्सव 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारियां युवाओं के समक्ष रखी गई एवं युवाओं से श्री गणेश महोत्सव में संपूर्ण रूप से सहयोग मिलेगा ऐसी आशा की और सभी युवाओं ने अपना समर्थन दिया।युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अतुल जायसवाल को कार्यकारी अध्यक्ष युवा वैश्य महासभा नियुक्त किया। इसके अतिरिक्त समन्वय समिति सौरभ गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष नितेश देवल, सचिव सुमित केसरवानी, संगठन सचिव अंश गुप्ता, सन्तोष केसरवानी, मीडिया प्रभारी अमित केसरवानी, सचिन जायसवाल, सोशल मिडिया प्रभारी कपिल अग्रहरि, विशेष आमंत्रित सदस्य सरिल गोयल, कार्यकारिणी सदस्य अमित वार्ष्णेय, रवि केसरवानी, सोनू केसरवानी, सन्जू केसरवानी, मनीष अग्रहरि, विजय साहू, हिमांशु गुप्ता, सचिन अग्रहरि, प्रदीप गुप्ता, अनुभव मित्तल, रितिक साहू, सुनील साहू, करन केसरवानी, ध्रुव केशरवानी, अमित साहू, अभिषेक केसरवानी, भरत केसरवानी, आयुष साहू, हिमाशु केसरवानी, रजत अग्रहरि, सूरज अग्रहरि, पप्पू अग्रहरि आदि समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

# एमबी महाविद्यालय के दो छात्र गुटों में भिड़ंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एमबीपीजी कॉलेज में सितंबर माह के अंदर होने वाले छात्र संघ चुनाव से पहले छात्र संगठनों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। गत दिवस एमबीपीजी कॉलेज में दो छात्र संगठनों के छात्रों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक छात्र घायल हुआ है। बताया जाता है कि एक छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ा हुआ है तो दूसरा निर्दलीय छात्र नेता के साथ जुड़े हुए छात्र हैं, दोनों ही पक्षों के बीच मारपीट हो गई। उसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की। सीओ भूपेन्द्र धौनी ने कहा छात्र संघ चुनाव नजदीक है ऐसे में दो छात्र संगठनों के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और मामला मारपीट ने तब्दील हुआ। पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था का पालन कराया जा रहा है। पूरे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच की जाएगी। पुलिस दोनों पक्ष की बात को समझ रही है। अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्दी



सिटी मजिस्ट्रेट और एमबीपीजी कॉलेज प्रशासन के लोगों से बातचीत करके शासन चुनाव को शांतिपूर्वक किस तरह से संबंध कराया जा सकता है इसको लेकर नियम बनाया जाएगा।


गुरू माँ उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू माँ GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338